जय-तिथि-पत्रक

श्री वीर-निर्वाण संवत्
२५४४-२५४५
विक्रम संवत् २०७५

तेरापंथ संवत्
२५८-२५९
ईस्वी सन् २०१८-२०१९

सम्पादक : 'शासन स्तम्भ' मंत्री मुनि सुमेरमल

जैन विश्व भारती
लाडनूं - 341306 (राजस्थान)
दूरभाष : 01581-226025, 224671, 226080
E-mail : jainvishvabharati@yahoo.com, Visit us at : www.jvbharati.org

अहिंसा यात्रा

₹20

जैन विश्व भारती

मानवीय मूल्यों को समर्पित संस्था

प्रमुख गतिविधियां : एक नजर

शिक्षा :

- जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय)
- विमल विद्या विहार सीनियर सैकण्डरी स्कूल
- महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, टमकोर
- महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर
- समण संस्कृति संकाय
- केन्द्रीय जीवन विज्ञान अकादमी

सेवा :

- सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला
- श्रीमद् आचार्य तुलसी महाप्रज्ञ मानव कल्याण केन्द्र, बीदासर
- स्व. माणकचन्द मनोहरी देवी दूगड़ आयुर्वेद चिकित्सालय, बीदासर
- विद्युत चुम्बकीय चिकित्सा केन्द्र
- समणी केन्द्र व्यवस्था

साहित्य :

- प्रकाशन एवं वितरण
- आगम मंथन प्रतियोगिता
- इतिहास मंथन प्रतियोगिता

संस्कृति :

- तुलसी कला दीर्घा (आर्ट गैलेरी)

शोध :

- आगम सम्पादन
- हस्तलिखित एवं पाण्डुलिपियों की सुरक्षा एवं संरक्षण

समन्वय :

- पुरस्कार एवं सम्मान
- विदेशों में प्रचार–प्रसार

साधना :

- प्रेक्षाध्यान
- प्रेक्षाध्यान पत्रिका

उक्त सभी गतिविधियों में संपूर्ण समाज की सहभागिता एवं सहयोग हेतु सादर निवेदन

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें

जैन विश्व भारती

पोस्ट : लाडनूं–341306, जिला : नागौर (राज.) फोन : 01581–226080 I 224671

E-mail : jainvishvabharati@yahoo.com, Visit us at : www.jvbharati.org

आशीर्वचन

जैन विश्व भारती के परिसर का कण-कण जप-तप से भावित है। भिक्षु विहार में अनवरत जप-तप की तरंगें प्रवाहित होती रहती है। प्रज्ञालोक में अध्यात्म चिंतन और ध्यान के विकिरण सतत संचरित रहते हैं। तुलसी अध्यात्म नीडम् का वायब्रेशन उस समूचे भाग को प्रभावित करता है। आगम, शोध व सम्पादन के क्रम में आगमों के पाठ का पारायण होता रहता है। मुझे तो लगता है कि यहां अध्यात्म का वातावरण है, इसलिए यहां आने वाले अत्यधिक प्रसन्नता का अनुभव करते हैं। मेरा एक सुझाव है कि यहां आने वाले ध्याता बनकर आएं और ध्येय के प्रति समर्पित रहें। ऐसा होने पर प्रसन्नता और पवित्रता हर पल आपकी परिक्रमा करती रहेगी।

- आचार्य तुलसी

जैन विश्व भारती और जैन विश्व भारती संस्थान जैन विद्या के विश्व प्रसिद्ध केन्द्र हैं। जैन विश्व भारती के पास ज्ञान की विशाल राशि है। इसकी मिट्टी में सात संस्कारों के बीज हैं। आचार्यश्री तुलसी का तप तेजस्वी सूर्य है, जो इसकी उर्वरा को बढ़ाएगा। ज्ञान का स्रोत है, दर्शन का संरक्षण है, चरित्र की हवा है। जिससे यह बगीचा प्राच्य विद्याओं के फूलों की सुगंध को, सुवास को क्षितिज पर फैलाएगा। उस सुवास और सौरभ से विश्व मानस प्रभावित हो, जीवन बोध पाएगा।

- आचार्य महाप्रज्ञ

जैन विश्व भारती एक गौरवशाली संस्था है। उसके द्वारा जैन विद्या, शिक्षा, साहित्य, प्रेक्षाध्यान, जीवन विज्ञान जैसी विभिन्न महत्त्वपूर्ण गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। परमपूज्य गुरुदेव तुलसी और परमपूज्य आचार्य महाप्रज्ञजी का महनीय मार्गदर्शन इस संस्था को प्राप्त हुआ। जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) उसके साथ जुड़ा हुआ है। लाडनूं स्थित जैन विश्व भारती परिसर मुनिवृंद, समणीवृंद और मुमुक्षुवृंद का भी आवास स्थल बना हुआ है। तेरापंथ समाज मानों इस माने भी भाग्यशाली है कि उसके पास इतनी बड़ी संस्था है। यह संस्था आध्यात्मिक आरोहण करती रहे तथा समाज को आध्यात्मिक पोषण देती रहे। शुभाशंसा।

- आचार्य महाश्रमण

प्रत्येक कर्म के साथ धर्म को जोड़ दिया जाए तो
धर्म के लिए अलग से समय निकालने की जरूरत नहीं ।

-आचार्य महाश्रमण



श्रद्धावनत

भीखमचंद जीतमल चोरड़िया

बीदासर

J.M. Jain

Cloth Merchant & Commission Agents
2285/9, Gali Hinga Beg,
Tailak Bazar, Delhi-110006

सद्व्यवहार सबके साथ करो ।
विश्वास किसी योग्य का करो ।
दुर्व्यवहार किसी के साथ मत करो ।

-आचार्य महाश्रमण

'श्रद्धानिष्ठ श्रावक'

स्व. हनुमानमलजी दूगड़ 'जौहरी' की पुण्य स्मृति में

: श्रद्धावनत :

'श्रद्धा की प्रतिमूर्ति' गिन्नीदेवी दूगड़

मदनचंद, आलोक, अजित दूगड़ समस्त 'जौहरी' दूगड़ परिवार

(सरदारशहर-मुम्बई-सूरत)

Royal Diam

: OFFICE :

DC-4220, Bharat Diamond Bourse, BKC, Bandra (E)
Mumbai-400051 | T : 91-22-2361 1056/57/58
F : 91-22-2361 1055 | E : royal_diam@hotmail.com

: FACTORY :

SY-433/1, Nodh - TPS-3, Nandu Doshi Ni Wadi
Vasta Devdi Road, Surat - 395004
T : 91-261-2531700 | F : 91-261-2531100

जीवन में एक संकल्प ऐसा रखो, जिसे रखने के लिए
तुम अपने प्राणों का भी अर्पण कर सको।

-आचार्य महाश्रमण



श्रद्धावनत

Rameshchand, Vijaraj, Rakesh Bohra

Musaliya-Chennai-Dubai

Pradeep Stainless India Pvt. Ltd.

C 3, Phase II, 3rd Main Road, MEPZ SEZ, Tambaram
Chennai- 600 044, Mob. : 09840177330

धन तुम्हारे अहंकार, विलास और
मूर्च्छा का कारण न बने।
यह सोचो, वह परोपकार का साधन
कैसे बन सकता है ?

– आचार्य महाश्रमण

Sri Poosalal Suganibai Anchaliya Charitable Trust

P. Sampathraj Anchaliya
P. Tarachand Anchaliya
P. Gyanchand Anchaliya

Sirkali-Chennai-Delhi-Marudhar (Padukallan)

जैन विश्व भारती का महत्वपूर्ण उपक्रम आगम साहित्य का प्रकाशन

नव प्रकाशित आगम

वाचना प्रमुख
आचार्य श्री तुलसी

मुख्य संपादक विवेचक
आचार्य श्री महाप्रज्ञ

प्रधान संपादक
आचार्य श्री महाश्रमण

जैन विश्व भारती का महत्वपूर्ण उपक्रम आगम साहित्य का प्रकाशन

अन्य प्रकाशित आगम

1. अंगसुत्ताणि भाग – 1,2,3
2. उवंगसुत्ताणि भाग – 1,2
3. नवसुत्ताणि
4. दसवेंआलियं
5. उत्तरज्झयणाणि
6. आगम शब्द कोष
7. श्री भिक्षु आगम विषय कोश भाग – 1,2
8. देशी शब्द कोश
9. निरूक्त कोश
10. एकार्थक कोश
11. जैनागम वनस्पति कोश
12. जैनागम प्राणी कोश
13. जैनागम वाद्य कोश
14. जैन पारिभाषिक कोश
15. भगवती जोड़ खण्ड 1 से 7
16. आयारो (अंग्रेजी)
17. आचारांगभाष्यम् (अंग्रेजी)
18. भगवई खण्ड 1– (अंग्रेजी)
19. उत्तरज्झयणाणि भाग 1,2 (गुजराती)
20. सूयगडो भाग 1,2 (गुजराती)
21. आयारो
22. आचारांगभाष्यम्
23. सूयगडो
24. ठाणं
25. समवाओ
26. भगवई भाग 1,2,3,4,5
27. नायाधम्मकहाओ
28. उवासगदसाओ
29. नंदी
30. अणुओगदाराइं
31. दसवेआलियं
32. कप्पो (बृहतकल्प)
33. निसीहज्झयणं
34. दसाओ
35. विवागसुयं
36. आवस्सयं
37. इसिभासियाइं
38. निर्युक्तिपंचक
39. पिण्डनिर्युक्ति
40. विवाहनिर्युक्ति
41. सानुवाद व्यवहार भाष्य
42. व्यवहार भाष्य
43. बृहतकल्पभाष्य भाग 1, 2
44. विशेषावस्यक भाष्य भाग 1, 2
45. निशीथ भाष्य भाग 1, 2, 3, 4
46. गाथा
47. आत्मा का दर्शन

अधिक जानकारी हेतु संपर्क सूत्र : **जैन विश्व भारती लाडनूं : 8742004849, आचार्य महाश्रमण प्रवास स्थल : 9928393902**
इमेल : books@jvbharati.org

Books are available online at : **http://books.jvbharati.org**


अनाग्रह अच्छा है पर आग्रह भी सर्वत्र बुरा नहीं।
सत्य की खोज में अनाग्रह उपयोगी है और
प्राप्त सत्य की रक्षा के लिए आग्रह भी लाभदायी है।
- आचार्य महाश्रमण
हार्दिक शुभकामनाओं सहित
सरला देवी - महेन्द्र कुमार जैन
महनसर (राजस्थान) - किशनगंज (बिहार)
बैंगलोर (कर्नाटक)

प्रकाशकीय

जैन विश्व भारती के समण संस्कृति संकाय द्वारा विगत 40 वर्षों से मर्यादा महोत्सव के पावन अवसर पर जय-तिथि-पत्रक का प्रकाशन प्रतिवर्ष निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में 154वें मर्यादा महोत्सव के पावन अवसर पर संवत् 2075 का जय-तिथि-पत्रक सुधी पाठकों के हाथों में प्रस्तुत करते हुए हमें हार्दिक प्रसन्नता है। जय-तिथि-पत्रक में ज्योतिषीय सूचनाओं, विशेष पर्वों, महत्त्वपूर्ण दिवसों व अनुष्ठानों के साथ-साथ संस्थाओं एवं विभिन्न संघीय गतिविधियों, कार्यक्रमों आदि से संबंधित उपयोगी सामग्री प्रकाशित की गई है।

परमाराध्य आचार्यप्रवर के निर्देशानुसार 'शासन स्तंभ' मंत्रीमुनि श्री सुमेरमलजी ने जय-तिथि-पत्रक संपादन के गुरुतर दायित्व का सम्यक् निर्वहन करते हुए दैनंदिन आवश्यकता की ज्योतिषीय सूचना-सामग्री प्रस्तुत करने की कृपा की है, हम मंत्री मुनिश्री के प्रति हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। मुनिश्री उदितकुमारजी के महनीय मार्गदर्शन हेतु हार्दिक कृतज्ञता। श्री जीतमल नाहटा, कोलकाता का सामग्री संकलन कार्य में सहयोग प्राप्त हुआ, तदर्थ हार्दिक आभार।

जय-तिथि-पत्रक के प्रकाशन के लिए हमें अनेक महानुभावों का आर्थिक सौजन्य प्राप्त हुआ है। उनका उदार सहयोग-भाव संस्था की प्रवृत्तियों को गतिशील रखने में योगभूत बनता है। सभी अनुदानदाताओं के प्रति हम हार्दिक आभार ज्ञापित करते हैं। प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से इस कार्य में सहयोगी सभी महानुभावों के सहयोग हेतु आभार।

विश्वास है कि जय-तिथि-पत्रक की सामग्री सभी उपयोगकर्ताओं के लिए महत्त्वपूर्ण एवं उपयोगी सिद्ध होगी तथा इसमें प्रस्तुत सामग्री से उपयोगकर्ता त्याग-प्रत्याख्यान के लिए प्रेरित होंगे।

बी. रमेशचन्द बोहरा
अध्यक्ष, जैन विश्व भारती

मालचन्द बेगानी
विभागाध्यक्ष, समण संस्कृति संकाय

राजेश कोठारी
मंत्री, जैन विश्व भारती

01 जनवरी, 2018

अध्यक्ष की कलम से

जैन विश्व भारती तेरापंथ धर्मसंघ की एक महत्त्वपूर्ण संस्था है। संपूर्ण जैन समाज में यह एक गौरवशाली संस्था के रूप में प्रतिष्ठित है। इसके द्वारा अनेक संघीय एवं समाजोपयोगी गतिविधियां संचालित की जा रही है।

आचार्य तुलसी के सपनों की कामधेनु जैन विश्व भारती आज केवल एक संस्था के रूप में नहीं, अपितु मानव कल्याणकारी प्रवृत्तियों के केन्द्र, प्राच्य एवं जैन विद्या की संरक्षण स्थली एवं आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यक्तित्व-निर्माण स्थल के रूप में विविध दिशाओं में कार्य कर रही है। समाज-परिवर्तन एवं समाज-विकास की आचार्यश्री तुलसी की प्रबल उत्कंठा को जैन विश्व भारती ने यथार्थ में परिणित करने का प्रयास किया है। इस संस्था के माध्यम से आचार्यश्री तुलसी, आचार्यश्री महाप्रज्ञजी और आचार्यश्री महाश्रमणजी का भविष्योन्मुखी एवं युगान्तरकारी चिंतन देश-विदेश तक पहुंचा है, जिस कारण से आज जैन विश्व भारती प्रस्तर खण्डों में नहीं, अपितु लोकमानस में प्रतिष्ठित है।

शिक्षा, शोध, साहित्य, साधना, सेवा, संस्कृति और समन्वय–इस 'सप्तसकार' को केन्द्र में रखकर कार्य करने वाली यह संस्था वर्तमान में अपने अनुशास्ता आचार्यश्री महाश्रमणजी के आशीर्वाद, समाज के सहयोग एवं सक्षम कार्यकर्ताओं के श्रम के फलस्वरूप अनेक मानव कल्याणकारी गतिविधियों का संचालन कर रही है। लगभग साढ़े चार दशक की यात्रा में जैन विश्व भारती ने अनेक पड़ावों को पार किया है। संस्था के सूत्रधारों के समक्ष संभावनाओं का असीम आकाश भी है और उसे प्राप्त करने का उत्साह, उमंग और जज्बा भी। उस असीम विकास के लिए परमपूज्य आचार्यप्रवर का पावन आशीर्वाद और चारित्रात्माओं का पावन पथदर्शन निरन्तर हमें प्राप्त है। सादर निवेदन है कि संपूर्ण समाज तन-मन-धन एवं चिंतन से जैन विश्व भारती की असीम विकास यात्रा के सहयात्री बनें।

01 जनवरी 2018

बी. रमेशचंद बोहरा
अध्यक्ष

मर्यादा महोत्सव क्षेत्र कटक : एक परिचय

कटक शहर भारत के प्राचीन शहरों में से एक है। सन् 990 के दशक में इस शहर की नींव केशरी वंश के महाराजा केशरी ने रखी। तीन तरफ पानी से घिरे इस शहर में महानदी एवं काठजोड़ी नदी पर ग्यारहवीं शताब्दी में केशरीवंश के महाराजा मर्कट केशरी के शासनकाल में बांध बनाया गया। केशरीवंश के पश्चात् यहां पर गंगावंश के शासकों ने राज्य किया। 12वीं शताब्दी पूर्व में गंग शासकों ने एक किले का निर्माण करवाया। राजा मुकुन्ददेव ने सन् 1560-1568 में इस किले का विस्तार किया तथा एक सम्पूर्ण किला का रूप दिया। सन् 1568 से 1603 तक यह किला अफगान, मुगल और मराठा राजाओं के प्रशासन का केन्द्र रहा।

मुगल बादशाह अकबर के सेनापति राजा टोडरमलजी ने सन् 1575 में यहां आकर मुसलमान शासक दाउद खां को परास्त किया। पुनः सन् 1590 में बादशाह अकबर ने राजा मानसिंहजी को मुसलमान बागी कुतूल खां एवं उसके साथी पठान को कुचलने के लिए भेजा। सन् 1598 तक राजा मानसिंहजी यहीं रहे तथा इस किले का नाम बाराबाटी रखा गया। वर्तमान में यह किला ध्वस्त हो चुका है। राजा मानसिंह जी के नाम से आज भी कनिका चौक के पास का रास्ता मानसिंह पटना के नाम से नामित हैं। सन् 1611 में मुगल बादशाह ने राजपूताना के राजा कल्याणमल को उड़ीसा का दायित्व दिया। उन्होंने अपनी योग्यता से ओड़िशा का संचालन कुशलता से किया। राजा टोडरमल, राजा मानसिंह तथा राजा कल्याणमल तीनों राजपूताना के शासक थे। उनकी सेवा में राजपूताना के सिपाही, रक्षक होने के कारण ही यहां पर उनके शासनकाल से ही राजस्थान के लोगों का आवागमन शुरू हो गया।

लगातार आवागमन के कारण यहां पर राजस्थान के लोग व्यापार करने लगे। सन् 1803 में अंग्रेजों ने मराठों को परास्त कर यहां पर अपना अधिकार कर लिया। अंग्रेजों के जमाने में उड़ीसा की राजधानी कटक बनाई गई। बंगाल प्रान्त पास में होने के कारण यहां पर बंगाल के बहुत से नागरिक निवास करने लगे, जिनमें स्वतंत्रता सेनानी विपिन चन्द्र पाल और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का नाम बड़े आदर से लिया जाता हैं। नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक में ही हुआ था। उनका जन्म स्थान आज एक संग्रहालय के रूप में जानकीनाथ भवन के नाम से जाना जाता हैं। ओड़ीशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक तथा वर्तमान मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की भी जन्म स्थली कटक हैं।

कटक में सब धर्मों के अनुयायी शताब्दियों से निवास करते हैं। राजस्थान तथा हरियाणा से आने वाले नागरिक यहां पर मारवाड़ी नाम से जाने जाते हैं। मारवाड़ी समाज में सब जाति, धर्मों के लोग है, जिनमें जैन समाज भी एक हैं। यहां पर जैन समाज के चारों सम्प्रदायों के (दिगम्बर, श्वेताम्बर मूर्तिपूजक, स्थानकवासी एवं श्वेताम्बर तेरापंथी) के परिवार निवास करते हैं।

तेरापंथ समाज के कटक में निवास करने वालों में पुराने श्रावकों में थे–रामचन्द्र जी सुराणा (तारानगर), कन्हैयालाल जी बिनायकिया (राजलदेसर), जेठमल जी चौपड़ा (छोटी खाटू) तथा रतनलालजी बोथरा (सरदारशहर) आदि। उस समय तेरापंथ समाज के पुरुष ही यहां पर व्यापार, नौकरी आदि कार्यों में संलग्न थे। तेरापंथ समाज का महिला वर्ग बाद में यहां पर निवास करने आया। इस प्रकार तेरापंथ समाज की संख्या निरन्तर बढ़ती गई और वर्तमान में कटक में प्रवासी ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण ओड़िशा में प्रवासी जैन समाज में सर्वाधिक संख्या तेरापंथ समाज कटक की है। लगभग 210 परिवार यहां पर प्रवासित हैं।

सन् 1967 में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा की स्थापना हुई तथा सन् 1969 से तेरापंथ महिला मंडल और सन् 1980 से तेरापंथ युवक परिषद कार्यरत है। सन् 1989 से समाज के साधर्मिक भाइयों के सहयोग से यहां पर तेरापंथ भवन बना जिसका सन् 2003-2004 में विस्तार कर दुगुना भवन बन गया, जहां पर धर्मसंघ की सारी गतिविधियां व्यवस्थित चलती है। तेरापंथी सभा, महिला मंडल, युवक परिषद के साथ-साथ अणुव्रत समिति भी सक्रिय हैं। कन्या मंडल, किशोर मंडल भी व्यवस्थित हैं।

गत 17-18 वर्षों से तेरापंथ भवन में ज्ञानशाला का व्यवस्थित संचालन हो रहा है। सभा द्वारा सन् 1987 से होमियोपैथिक चिकित्सालय निःशुल्क चल रहा है, जहां पर सुबह शाम दोनों समय डॉक्टर रोगियों को देखते हैं। जैन विद्या परीक्षाओं का संचालन भी व्यवस्थित चलता है। कटक में जैन विश्व भारती संस्थान द्वारा संचालित पत्राचार पाठ्यक्रम का भी केन्द्र चार वर्ष तक रहा। तेरापंथ प्रोफेशनल फोर्म का भी गठन कटक में हो गया हैं।

पूज्यप्रवरों–आचार्यश्री तुलसी, आचार्यश्री महाप्रज्ञ एवं आचार्यश्री महाश्रमण की असीम अनुकम्पा कटक पर है। यहां पर प्रथम चातुर्मास सन् 1968 में मुनि शुभकरणजी (अब गणमुक्त) का हुआ। इससे पूर्व यहां पर साध्वी श्री रूपांजी एवं मुनि श्री बुद्धमल जी (दो बार) और मुनि श्री मगनमल जी का भी आगमन हुआ। सन् 1977 से प्रायः

चातुर्मास या समणी केन्द्र होते रहते हैं। जिस वर्ष चातुर्मास या समणी केन्द्र नहीं होते हैं तो उपासकों का आगमन गुरुदेव की कृपा से होता रहता है।

कटक का लाडला भाई आकाश मुनि दीक्षा ग्रहण कर मुनि आकाश कुमार के रूप में कटक का नाम उजागर करते हुए धर्मसंघ में साधनारत है। कटक में वर्तमान में 2 भाई उपासक तथा 6 बहिनें उपासिका के रूप में सेवा दे रहे हैं। सन् 1989 में स्थानीय उड़ीया भाषा के अखबार समाज के सम्पादक श्री राधानाथ रथ को अणुव्रत पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। पूज्य प्रवर की अनुकम्पा से स्थानीय भाई को 'श्रद्धानिष्ठ श्रावक' एवं कई बहनों को 'श्रद्धा की प्रतिमूर्ति' से भी अलंकृत किया गया हैं। स्थानीय श्रद्धासिक्त श्रावक समाज प्रायः प्रतिवर्ष गुरु-दर्शनार्थ जाते हैं। गुरुकृपा से स्थानीय कई भाई-बहिनों ने केन्द्रीय संस्थाओं में महत्त्वपूर्ण दायित्व निभा कर अपनी क्षमता का परिचय दिया हैं तथा वर्तमान में भी दे रहे हैं।

–: निवेदक :–

मानिकचंद पुगलिया
महामंत्री

मोहनलाल सिंघी
अध्यक्ष

आचार्य महाश्रमण मर्यादा महोत्सव व्यवस्था समिति, कटक (उड़ीसा)
तेरापंथ भवन, काठगड़ा साही, कटक-753001

चेन्नई तेरापंथ इतिहास के उजले पृष्ठ

मेवाड़ की शौर्य भूमि में अवतरित जैन धर्म का नया संस्करण तेरापंथ और मारवाड़ की पावन धरा पर पल्लवित नन्हा अंकुर क्रमशः वटवृक्ष का रूप ग्रहण करने लगा था। पूर्वजों ने अर्थोपार्जन के लिए अन्य क्षेत्रों में जाना प्रारम्भ किया। उन्नीसवीं सदी तक राजस्थान प्रदेश के लोग देश के उन भिन्न-भिन्न क्षेत्रों तक पहुंच गए थे, जहां यातायात के साधनों के अभाव में जाना मुश्किल लगता था।

सुदूर दक्षिण में लगभग 163 वर्ष पूर्व सन् 1847 में मद्रास में तेरापंथी परिवार के रूप में सर्वप्रथम समाजभूषण श्री जसवन्तमल सेठिया के पूर्वज (चार पीढ़ी पूर्व) श्री गम्भीरमल सेठिया, बलूंदा से जालना और जालना से अंग्रेज सेना के साथ पैदल चल कर मद्रास पट्टालम में आए। मद्रास में सन् 1936 में 22 तेरापंथी परिवार प्रवासित थे। तमिलनाडु में तेरापंथी परिवारों की संख्या 1968 में 250, 1976 में 700, 1988 में 1240 थी जो कि 2010 में 2700 परिवारों से अधिक पहुंच गई है।

बीसवीं सदी से पहले तेरापंथ धर्मसंघ में संघीय व सामाजिक दृष्टि से कोई संस्था नहीं थी। उस समय की परिस्थितियों में संभवतः उसकी अपेक्षा भी नहीं थी। बीसवीं सदी में समाज के चिन्तनशील लोगों ने अनुभव किया कि सामाजिक संगठन के शलथ होने की स्थिति में कार्यकर्त्ताओं का केन्द्रीकरण होना अपेक्षित है।

इस अपेक्षा की आपूर्ति के लिए तथा दक्षिण में प्रवासित तेरापंथी परिवारों में साधर्मिक वात्सल्य बढ़ाने के उद्देश्य से सन् 1945 में 'दक्षिण भारतीय श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा' का गठन कर मुख्यालय बैंगलोर रखा गया। इसमें मद्रास, कोलार, चिकमंगलूर, जयसिंगपुर और बैंगलोर का प्रतिनिधित्व था। तदनन्तर दिनांक 2.7.1950 को चूलै पट्टालम में श्री जसवन्तमल सेठिया के समीपस्थ श्री नेमकरणजी सेठिया के मकान में एक आम सभा प्रवासित तेरापंथी परिवारों की बुलाई गई, जिसमें मद्रास शाखा का गठन किया गया। प्रथम सभापति श्री जसवन्तमल सेठिया को बनाया गया।

सन् 1950 में 'समाजभूषण' श्री छोगमल चोपड़ा के मद्रास पदार्पण के अवसर पर श्री जसवन्तमल सेठिया के नेतृत्व में स्थानीय तेरापंथी बंधुओं ने उनका अभिनन्दन किया। सामाजिक और शिक्षण संस्थाओं में उनके विद्वतापूर्ण भाषणों का आयोजन कर धर्मसंघ की प्रभावना में उल्लेखनीय योगदान किया।

तेरापंथ धर्मसंघ के वरिष्ठ श्रावक श्री नेतीचन्द गधैया के प्रथम बार मद्रास पदार्पण पर तेरापंथ समाज ने भव्य अभिनन्दन किया।

दिनांक 14.11.1954 को कार्यकारिणी के सदस्यों की संख्या 15 से बढ़ा कर 21 की गई। सन् 1955-56 में मुनिश्री जसकरणजी का प्रथम चातुर्मास आदियप्पा नाइकन स्ट्रीट में श्री सनातन धर्म स्कूल के पास वाले मकान में हुआ।

दिनांक 8.4.1956 को श्री दानमल सेठिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 'श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, मद्रास' का गठन किया गया। दिनांक 29.6.1956 को आयोजित बैठक में सभापति श्री जसवन्तमलजी सेठिया को नियुक्त किया गया।

दिनांक 22.11.1957 की बैठक में लोक सभा में श्री दीवानचन्द्र शर्मा द्वारा रखा जाने वाला 'बाल दीक्षा प्रतिबन्धक विधेयक' का प्रबल विरोध करने व स्थान-स्थान से तत्संबंधित पत्र व टेलिग्राम भिजवाने का निश्चय किया गया। मुनिश्री जसकरणजी की सेवा में जाने का निर्णय किया गया।

दिनांक 24.10.1958 को आचार्यश्री तुलसी को दक्षिण पधारने की अर्ज करने के लिए दिनांक १५.११.१९५८ को सात सदस्यों का प्रतिनिधि भेजने का निर्णय किया गया। सभा का निजी भवन खरीदने के लिए समिति गठन की जिम्मेदारी श्री जसवन्तमल सेठिया व श्री हस्तीमल गादिया, पल्लावरम को दी गई।

दिनांक 19.12.1958 व दिनांक 6.1.1959 की कार्यकारिणी की बैठकों में समिति द्वारा निर्मित सभा की नियमावली पर विचार कर स्वीकृत किया गया और दिनांक 18.1.1959 की साधारण सभा में प्रस्तुत कर पारित कराने का निर्णय किया गया। दिनांक 18.1.1959 की साधारण सभा में कार्यकारिणी द्वारा स्वीकृत सभा की नियमावली पारित की गई।

दिनांक 12.8.1960 को सभा की साधारण सभा में सभा के लिए साहुकारपेट में मकान खरीदने का निर्णय किया गया। सभा को रजिस्टर्ड कराने व बैंक में खाता खोलने का निर्णय भी किया गया।

सन् 1960 में सभा भवन का शिलान्यास श्री दानमल सेठिया के कर-कमलों से सम्पन्न हुआ। दिनांक 3.1.1961 की बैठक में सभा भवन को चार मंजिला बनाने का निर्णय किया गया। निर्माणाधीन सभा भवन की द्वितीय मंजिल पर दिनांक 11.2.1962 को मर्यादा महोत्सव का आयोजन किया गया।

दिनांक 14.9.1962 को महामना आचार्यश्री तुलसी को दक्षिण पधारने की अर्ज करने के लिए प्रतिनिधि मण्डल को उदयपुर भेजने का निर्णय किया गया। मद्रास वासियों का चिरसंचित स्वप्न साकार हुआ। सन् 1968 में अणुव्रत अनुशास्ता आचार्यश्री तुलसी का पावस प्रवास पाकर। तेरापंथ के इतिहास में प्रथम बार आचार्य का चातुर्मास पाकर मद्रास वासी मानो धन्य हो गए। परमाराध्य आचार्यप्रवर ने 33 श्रमण व 25 श्रमणी वृंद के साथ 5 जुलाई 1968 को नगर प्रवेश किया और पूरे महानगर में आध्यात्मिक पाथेय प्रदान कर लोगों में नैतिकता के प्रति नव-चेतना का संचार कर दिया।

श्रीमान् जसवन्तमल सेठिया जैसे विरल व्यक्तित्व जिन्होंने अपने जीवन में समाज और धर्मसंघ के लिए अन्यान्य सभी बातों को गौण कर दिया। गणाधिपति श्री तुलसी के शब्दों में वे अजातशत्रु थे। सेठियाजी की इन्हीं सब विशेषताओं का अंकन कर श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा, कलकत्ता ने चिदम्बरम मर्यादा महोत्सव पर उन्हें सर्वोच्च सम्मान 'समाजभूषण' से अलंकृत किया। समग्र तेरापंथ धर्मसंघ में श्रीयुत् छोगमलजी चोपड़ा के बाद श्री सेठियाजी दूसरे व्यक्ति थे जिन्हें इस सर्वोच्च अलंकरण से सम्मानित किया गया।

महासभा के आंचलिक कार्यक्रमों की योजना के तहत पहला दक्षिणांचल केन्द्र श्री प्रदीपकुमार सेठिया के संयोजन में चेन्नई में प्रारम्भ किया गया।

दिनांक 22.9.2004 को दक्षिण से गुरु दर्शनार्थ स्पेशल ट्रेन 'भिक्षु तेरापंथ एक्सप्रेस' का अभूतपूर्व आयोजन हुआ। 720 श्रद्धालुओं ने पूज्य प्रवरों के श्रीचरणों में 'गुरुदेव दक्षिण पधारो' स्वराभिव्यक्ति प्रस्तुत की। तत्कालीन सभा अध्यक्ष श्री घीसूलाल बोहरा के अथक प्रयासों से ही यह कार्य सम्भव हो सका।

चेन्नई महानगर व श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, चेन्नई के इतिहास में सुश्रावक श्री जैवंतराज सुराणा द्वारा संथारा व संथारे में मुनि दीक्षा की घटना अविस्मरणीय, अद्वितीय और हृदय को झंकृत करने वाली रही। पूज्यवरों की अनुज्ञा से मुनिश्री जिनेशकुमारजी ने दिनांक 19.3.2009 को तेरापंथ सभा भवन, तण्डियारपेट के पास 'मांडोत गार्डन' में संथारालीन श्रावक श्री जैवंतराज सुराणा को मुनि दीक्षा प्रदान कर मुनिश्री जिनभक्तजी के रूप में तेरापंथ इतिहास में स्वर्ण कलश अर्पित कर दिया।

श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, चेन्नई के गौरवपूर्ण साठ साल के उपलक्ष्य में दिनांक 26.1.2010 को हीरक जयन्ती समारोह मनाया।

पूज्यवरों ने महती कृपा कर जोजावर निवासी ताम्बरम चेन्नई प्रवासी मुमुक्षु सुनील बम्ब (मुनिश्री सुबोधकुमारजी) की मुनि दीक्षा चेन्नई में मुनिश्री जिनेशकुमारजी के कर कमलों व मुनिश्री धर्मेशकुमारजी की मंगलमयी उपस्थिति में देने की अनुज्ञा देकर चेन्नई ही नहीं अपितु सम्पूर्ण दक्षिणांचल पर महान कृपा दृष्टि की।

सन् 1968 में पूज्य गुरुदेव श्री तुलसी ने प्रथम बार चेन्नई में चातुर्मास किया था। उस चातुर्मास की स्वर्ण जयन्ती पर पूज्यप्रवर आचार्यश्री महाश्रमणजी ने महती कृपा कर सन् 2018 में अपना पवास प्रवास चेन्नई में फरमाया है। हम सभी गुरुदेव के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं।

50 वर्षों पश्चात् चेन्नई शहर में तेरापंथ के आचार्य का आगमन होगा। इस बात को लेकर सम्पूर्ण चेन्नई उत्साहित और प्रफुल्लित है। पवास प्रवास हेतु माधावरम स्थित जैन तेरापंथ नगर में तैयारियां गतिमान है। सम्पूर्ण चेन्नई का जैन श्रावक समाज आचार्यप्रवर के स्वागत हेतु पलक पावड़े बिछाए आतुरता से प्रतीक्षरत है।

श्रावक-श्राविकाओं को चेन्नई पावस प्रवास के दौरान पूज्यप्रवर की सन्निधि में दर्शन-सेवा-उपासना का पूर्ण लाभ मिले, इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। आप सभी महानुभावों को इस ऐतिहासिक अवसर पर चेन्नई तेरापंथ समाज का भाव भरा आमंत्रण है।

निवेदक

आचार्यश्री महाश्रमण चतुर्मास प्रवास व्यवस्था समिति 2018 चेन्नई (तमिलनाडु)

बी. रमेशचंद बोहरा
महामंत्री
मो. 09840344333

धरमचंद लुंकड़
अध्यक्ष
मो. 09840166699

आचार्य महाश्रमण

जन्म :	वि.सं. 2019, वैशाख शुक्ला नवमी (13 मई 1962) सरदारशहर
पिता :	स्व. श्री झूमरमलजी दूगड़
माता :	स्व. श्रीमती नेमादेवी दूगड़
दीक्षा :	वि.सं. 2031 वैशाख शुक्ला चतुर्दशी (5 मई 1974) सरदारशहर
अन्तरंग सहयोगी :	वि.सं. 2042, माघ शुक्ला सप्तमी (16 फरवरी 1986) उदयपुर
साझपति :	वि.सं. 2043, वैशाख शुक्ला चतुर्थी (13 मई 1986) ब्यावर
महाश्रमण पद :	वि.सं. 2046, भाद्रव शुक्ला नवमी (9 सितम्बर 1989) लाडनूं
युवाचार्य पद :	वि.सं. 2054, भाद्रव शुक्ला द्वादशी (14 सितम्बर 1997) गंगाशहर
आचार्य पदाभिषेक :	वि.सं. 2067, द्वितीय वैशाख शुक्ला दशमी (23 मई 2010) सरदारशहर
महातपस्वी :	वि.सं. 2064, भाद्रपद शुक्ला पंचमी (17 सितम्बर 2007) उदयपुर
शान्तिदूत :	वि.सं. 2068, ज्येष्ठ कृष्णा द्वादशी (29 मई 2011) उदयपुर
श्रमण संस्कृति उद्गाता :	वि.सं. 2069, आश्विन कृष्णा चतुर्दशी (14 अक्टूबर 2012) जसोल
प्रकाशित पुस्तकें :	आओ हम जीना सीखें, दुःख मुक्ति का मार्ग, क्या कहता है जैन वाङ्मय, संवाद भगवान से (भाग-1,2), शिक्षा सुधा, शेमुषी, मेरे गीत, धम्मो मंगलमुक्किट्ठं, महात्मा महाप्रज्ञ, सुखी बनो, संपन्न बनो, विजयी बनो, रोज की एक सलाह, शिलान्यास धर्म का, अदृश्य हो गया महासूर्य, निर्वाण का मार्ग, परमसुख का पथ, 18 पाप।

आचार्यश्री महाश्रमण की प्रमुख कृतियां

दुःख मुक्ति का मार्ग

आचार्यश्री महाश्रमण ने इस पुस्तक में साधना के रहस्यों को प्रस्तुत किया है। सुख, शांति और आनंद की प्राप्ति में यह कृति मार्गदर्शक की भूमिका अदा करती है।

क्या कहता है जैन वाङ्मय

इस पुस्तक में जैन शास्त्रों में उपलब्ध सफलता के सूत्रों में से चुनिंदा मोतियों को पिरोया गया है। प्रस्तुत कृति आचार्यश्री महाश्रमण के हृदयस्पर्शी प्रवचनों का महत्त्वपूर्ण संग्रह है।

आओ हम जीना सीखें

जीता हर कोई है, किन्तु कलापूर्ण जीना कोई-कोई जानता है। प्रस्तुत पुस्तक में आचार्यश्री महाश्रमण ने कलात्मक जीवन के सूत्रों को प्रकाशित करते हुए जीवन की प्रत्येक क्रिया का व्यवस्थित प्रशिक्षण दिया है। वस्तुतः यह कृति 'कैसे जीएं' इस प्रश्न का सटीक समाधान है।

संवाद भगवान से

प्रतिष्ठित जैनागम उत्तराध्ययन के २९वें अध्ययन पर आधारित इस पुस्तक में भगवान महावीर और उनके प्रमुख शिष्य गौतम के रोचक संवाद के माध्यम से मन में संशय पैदा करने वाले प्रश्नों को विस्तृत रूप में समाहित किया गया है। यह कृति दो भागों में उपलब्ध है।

महात्मा महाप्रज्ञ

युगप्रधान आचार्यश्री महाप्रज्ञ तेरापंथ के आचार्य, अनुशास्ता, साहित्यकार और प्रवचनकार थे। इन सबसे पहले वे एक सन्त थे, महात्मा थे, उनकी आत्मा में महानता थी। उनके उत्तराधिकारी आचार्यश्री महाश्रमण ने उन्हें नजदीकी से देखा और जाना। प्रस्तुत पुस्तक में श्री महाप्रज्ञ के नौ दशकों के इतिहास और रहस्यों को उजागर किया गया है।

रोज की एक सलाह

लघु आकार में प्रस्तुत यह पुस्तक 'गागर में सागर' उक्ति को चरितार्थ करती है। आचार्य महाश्रमण द्वारा सूक्तियों में दी गई 'रोज की एक सलाह' हर व्यक्ति के लिए प्रतिदिन की पर्याप्त खुराक है। सदा साथ रखी जा सकने वाली यह कृति न केवल सफलता की प्राप्ति में सहायक है, अपितु व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान में भी इसकी उपयोगिता असंदिग्ध है।

१. सुखी बनो २. सम्पन्न बनो ३. विजयी बनो

आचार्य महाश्रमण ने प्रस्तुत तीनों पुस्तकों में श्रीमद्भगवद्गीता और उत्तराध्ययन की तुलनात्मक विवेचना करते हुए साधक का सुन्दर पथदर्शन किया है। तीन भागों में उपलब्ध यह ग्रन्थमाला जहां दो महनीय ग्रन्थों को युगीन रूप में प्रस्तुति देती है, वहीं अध्यात्मरसिकों के लिए पोषक का कार्य भी करती है।

धम्मो मंगलमुक्किट्ठं

आचार्यश्री महाश्रमण की प्रस्तुत पुस्तक में जैन तत्त्वज्ञान, साधना के प्रयोगों, महापुरुषों और उनके अवदानों आदि विविध विषयों से संबद्ध उपयोगी और प्रेरणास्पद सामग्री संजोई गई है।

शिलान्यास धर्म का

धर्म का आदि बिन्दु है–सम्यक्त्व। आचार्य महाश्रमण की प्रस्तुत कृति सम्यक्त्व, उसके लक्षण, दूषण, भूषण तथा देव, गुरु, धर्म आदि विषयों पर आधारित प्रवचनों और प्रश्नोत्तरों का संग्रह है। जैन अनुयायियों की आस्था के दृढ़ीकरण में यह कृति सहायक की भूमिका अदा करती है।

निर्वाण का मार्ग

अध्यात्म साधना का अन्तिम लक्ष्य है–निर्वाण। भगवान् महावीर और गौतम बुद्ध ने वर्षों तक साधना कर निर्वाण के रहस्यों को प्राप्त किया और जनता को दिखाया–निर्वाण का मार्ग। जैनागम उत्तराध्ययन और बौद्धग्रंथ धम्मपद पर आधारित आचार्यश्री महाश्रमण की प्रलम्ब प्रवचनमाला के चुनिंदा मोतियों से निर्मित इस पुस्तक को पढ़कर अध्यात्मरसिक व्यक्ति परम सुख का पथ प्राप्त कर सकता है।

• प्राप्ति स्थान •

जैन विश्व भारती, लाडनूं–8742004849, आचार्य महाश्रमण प्रवास स्थल–9928393902,
ई-मेल : **books@jvbharati.org, Books are available online at : https://books.jvbharati.org**

नवाह्निक आध्यात्मिक अनुष्ठान

दुनिया में शक्ति का महत्त्व होता है। शक्तिहीन व्यक्ति अपने आप में रिक्तता अनुभव करता है। कभी-कभी शक्तिविहीन मनुष्य अपने आपको दयनीय और असहाय भी अनुभव करता है। सबसे बड़ी शक्ति आध्यात्मिक शक्ति होती है। अन्य शक्तियों का भी अपना-अपना महत्त्व होता है।

गुरुदेवश्री तुलसी और आचार्यश्री महाप्रज्ञ ने नवाह्निक आध्यात्मिक अनुष्ठान का एक नया उपक्रम प्रारंभ किया। आचार्यश्री महाश्रमण के निर्देशन में वह उसी रूप में विधिवत् चल रहा है। उसका उद्देश्य है—आत्मशुद्धि और ऊर्जा का विकास। उसकी कालावधि आश्विन शुक्ला प्रथमा से प्रारंभ कर निरंतर नौ दिनों की निर्धारित की गई है। चैत्र शुक्ला प्रथमा से प्रारंभ कर निरंतर नौ दिनों की कालावधि में भी इसकी आराधना की जा सकती है। संपूर्ण विधि एवं समय सारिणी इस प्रकार निश्चित की गई है—

प्रातः ९.३० से १०.००

'चंदेसु निम्मलयरा आइच्चेसु अहियं पयासयरा
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु' — का पांच बार पाठ
चंदेसु निम्मलयरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु — का तेरह बार पाठ
आइच्चेसु अहियं पयासयरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु—का तेरह बार पाठ
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु — का तेरह बार पाठ
आरोग्ग बोहिलाभं, समाहिवरमुत्तमं दिंतु — का तेरह बार पाठ
सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु — का इक्कीस बार पाठ
'चंदेसु निम्मलयरा, आइच्चेसु अहियं पयासयरा
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु।' — का पांच बार पाठ

ॐ ह्रीं क्लीं ब्लूं

धम्मो मंगलमुक्किट्ठं, अहिंसा संजमो तवो।
देवा वि तं नमंसंति, जस्स धम्मे सया मणो ।।१ ।।
जहा दुमस्स पुप्फेसु, भमरो आवियई रसं।
न य पुप्फं किलामेइ, सो य पीणेइ अप्पयं ।।२ ।।
एमेए समणा मुत्ता, जे लोए संति साहुणो।
विहंगमा व पुप्फेसु, दाणभत्तेसणे रया ।।३ ।।
वयं च वित्तिं लब्भामो, न य कोई उवहम्मई।
अहागडेसु रीयंति, पुप्फेसु भमरा जहा ।।४ ।।
महुकारसमा बुद्धा, जे भवंति अणिस्सिया।
नाणापिंडरया दंता, तेण वुच्चंति साहुणो ।।५ ।।— का सात बार पाठ

प्रातः १०.०० से १०.३०—आध्यात्मिक प्रवचन

मध्याह्न २.३० से ३.१५ आगम पाठ का स्वाध्याय।

(दसवेआलियं, उत्तरज्झयणाणि आदि के मूल पाठ का स्पष्ट व शुद्ध उच्चारण एवं व्याख्या)

पश्चिम रात्रि–४.४५ से ५.३०

उवसग्गहरं पासं (उपसर्गहर स्तोत्र) आदि पांच श्लोक एवं 'ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमिऊण' का नौ बार पाठ। फिर 'विघनहरण' का जप।

उपसर्गहर स्तोत्र

उवसग्गहरं पासं, पासं वंदामि कम्मघणमुक्कं।
विसहर-विसनिन्नासं, मंगल-कल्लाण आवासं।।१ ।।
विसहर-फुलिंग-मंतं, कंठे धारेइ जो सया मणुओ।
तस्स गह-रोग-मारी, दुट्ठ जरा जंति उवसामं।।२ ।।
चिट्ठउ दूरे मंतो, तुज्झ पणामो वि बहुफलो होइ।
नरतिरिएसु वि जीवा, पावंति न दुक्ख-दोहग्गं ।।३ ।।
तुह सम्मत्ते लद्धे, चिन्तामणि-कप्पपायपब्भहिए।
पावंति अविग्घेणं, जीवा अयरामरं ठाणं।।४ ।।
इह संथुओ महायस! भत्तिब्भर-निब्भरेण हियएण।
ता देव! दिज्ज बोहिं, भवे भवे पास जिणचंद।।५ ।।

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमिऊण पास
विसहर वसह जिण फुल्लिंग ह्रीं श्रीं नमः ।।

विघनहरण

विघनहरण मंगलकरण, स्वाम भिक्षु रो नाम।
गुण ओलख सुमिरण करै, सरै अचिंत्या काम।।

जप और आगम-स्वाध्याय के साथ तप का योग भी आवश्यक माना गया है। तप में एकासन, आयंबिल, षड्विगय वर्जन, पंच विगय वर्जन और दस प्रत्याख्यान में से किसी एक तप की आराधना इस अवधि में की जाए। व्यक्तिगत इच्छा के अनुसार नौ दिनों तक एक ही तप अथवा वैकल्पिक तप की आराधना की जा सकती है।

निर्धारित कालावधि और करणीय क्रम को यथावत् रखते हुए स्थानीय सुविधानुसार समय में परिवर्तन भी किया जा सकता है। साधु-साध्वियों की भांति श्रावक-श्राविकाएं भी इसमें संभागी बन सकते हैं। संभागी श्रावक-श्राविकाओं के लिए निम्नांकित नियम भी अनुष्ठान काल में पालनीय हैं–

ब्रह्मचर्य का पालन, रात्रि भोजन-विरमण (चौविहार/तिविहार), जमीकंद का वर्जन।

अनुष्ठान का प्रारंभ प्रथम दिन प्रातः ९.३० से यानी प्रातःकालीन सत्र में किया जाए एवं अनुष्ठान का समापन रात्रि के ५.३० बजे यानी रात्रिकालीन सत्र में किया जाए।

|| अर्हम् ||

शान्तिदूत महातपस्वी **आचार्य श्री महाश्रमणजी**

का सन् 2018 का पावस प्रवास चेन्नै में

तमिलनाडु प्रवेश - 1 जुलाई 2018 - आरम्बाक्कम

तमिलनाडु प्रवेश समारोह - 5 जुलाई 2018 - मीन्जूर

चेन्नै प्रवेश - 6 जुलाई 2018 - मनली

नागरिक अभिनन्दन - 8 जुलाई 2018 - नेहरू स्टेडियम

चातुर्मासिक प्रवेश - 21 जुलाई 2018 - माधावरम

समस्त धर्मानुरागी बंधुओं को भाव भरा

|| आमंत्रण ||

आचार्य श्री महाश्रमण चातुर्मास प्रवास व्यवस्था समिति, चेन्नै

धरमचन्द लुंकड़	बी. रमेशचन्द बोहरा	ललित दूगड़
अध्यक्ष	महामंत्री	कोषाध्यक्ष

कुटीर बुकिंग हेतु सम्पर्क करें

पुखराज बड़ोला	रमेश खटेड़
मो. 94440 76737	मो. 98400 85004

क्र. सं.	औषध का नाम	उपयोग	वजन (ग्राम)	मूल्य
01.	सेवाभावी सुपर्वप्राश	शक्तिवर्धक व स्फूर्तिदायक	1000	890/-
	(मकरध्वज, केशर, चांदी भस्म युक्त)	पौष्टिक योग	500	480/-
02.	सेवाभावी स्पेशलप्राश	शक्तिवर्धक व स्फूर्तिदायक	1000	680/-
	(केशर, रससिंदूर,पौष्टिक योग चांदी भस्म युक्त)		500	370/-
03.	दंतफ्रेश टूथपेस्ट	दंत रोगों में उपयोगी	100	99/-
04.	सेवाभावी प्रतिदिनम् चूर्ण	कब्ज को दूर करने में उपयोगी	100	60/-
			500	270/-
05.	सेवाभावी अग्निसंदीपन चूर्ण	पाचक एवं गैस निवारक	100	130/-
			500	590/-
06.	सेवाभावी तुलसीप्रभावटी	मधुमेह (शुगर) में उपयोगी	30	170/-
			100	540/-
07.	सेवाभावी अर्जुनघनसत्व वटी	रक्तचाप व हृदयरोग में उपयोगी	10	40/-
			100	360/-

08.	सेवाभावी दिव्यतेज वटी	जुखाम, बुखार आदि में उपयोगी	05	80/-
09.	सेवाभावी कंठसुधाकर वटी	कफ, खांसी आदि में उपयोगी	10	50/-
			100	450/-
10.	सेवाभावी अमृतम् पिल्स	मुख शोधक	05	80/-
11.	सेवाभावी सितोपलादि योग	पुरानी खांसी, श्वास, फेफड़ों के रोग में उपयोगी	30 पुड़िया	270/-

: नोट :

- औषधियां चिकित्सक की सलाहनुसार सेवन करें।
- सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला द्वारा निर्मित उक्त औषधियों के अतिरिक्त लगभग 150 प्रकार की अन्य औषधियां पूर्ण शास्त्रीय विधि से प्रामाणिक रूप में तैयार की जाती है।

औषधियां मंगवाने के लिए संपर्क करें

सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला
जैन विश्व भारती परिसर, पोस्ट : लाडनूं-341306
जिला : नागौर (राजस्थान)
संपर्क : 01581-226969, 97849-31457
Email : contact@sevabhaviayurveda.com
www.sevabhaviayurveda.com

महेन्द्रा आयुर्वेद सेन्टर, बैंगलोर , 94820-82782 ⁜ महासभा भवन, कोलकाता, 98300-50188 ⁜ आचार्य महाश्रमण प्रवास स्थल (चल औषधि विक्रय केन्द्र) 99283-93902



लक्ष्य का निर्धारण करो। लक्ष्य स्पष्ट होने पर दिशा निश्चित हो जाती है और दृष्टि स्पष्ट। सफलता की पृष्ठभूमि तैयार हो जाती है।

-आचार्य महाप्रज्ञ

श्रद्धावनत

ORBIT GROUP
BUILDING RELATIONSHIPS

रतनलाल बसन्त कुमार पारख

(चुरु) कोलकाता

विषय-प्रवेश

कोष्ठक विवरण

जय-तिथि-पत्रक का पहला कोष्ठक अंग्रेजी दिनांक का है और फिर वार का है। उसके बाद तिथि का कोष्ठक है। उसके आगे के दो कोष्ठक में क्रमशः इतने बजे व मिनट तक का संकेत है। छठा कोष्ठक नक्षत्र का है। सातवें व आठवें में नक्षत्र के कितने बजे व मिनट तक का सूचन है। नौवें व दसवें में क्रमशः सूर्योदय व सूर्यास्त कितने बजे होता है इसका निदर्शन है। सूर्योदय व सूर्यास्त लाडनूं को केन्द्र मानकर स्टेण्डर्ड टाइम में दिया गया है। ग्यारहवें कोष्ठक में प्रथम प्रहर कितने बजे आती है तथा बारहवें कोष्ठक में दिन का एक प्रहर कितने घंटे व मिनट का होता है, इसका दिग्दर्शन है। तेरहवें कोष्ठक में चन्द्रमा तथा चौदहवें कोष्ठक में विशेष विवरण के अंतर्गत योग तथा भद्राकाल है। ये भी बजे व मिनट के क्रम से हैं।

तिथि-पत्रक में बजे-मिनट रेलवे समय-सारिणी पद्धति से दिये गये हैं। मध्य रात्रि में १२ बजे से रेलवे समय सारिणी के अनुसार २४ बजे होता है, के बाद ०० समय से शुरू कर २४ बजे तक २४ घंटे मानते हुए चलता है। जैसे–चैत्र शुक्ला द्वादशी २३/२५ बजे है। इसका तात्पर्य है–यह तिथि उस दिन २३ बजकर २५ मिनट तक है। अर्थात् रात्रि में ११ बजकर २५ मिनट तक है। चैत्र शुक्ला द्वितीया १७/५४ बजे है। इसका अर्थ है यह तिथि उस दिन सायं ५ बजकर ५४ मिनट तक रहेगी। इसी तरह चैत्र शुक्ला ८/९ को आर्द्रा नक्षत्र १४/२२ बजे है। अर्थात् उस दिन दोपहर २ बजकर २२ मिनट तक है।

तिथि व नक्षत्र के बजे-मिनट बराबर में हैं। वे बजे, मिनट से स्पष्ट हैं। चंद्रमा के आगे संख्या ऊपर नीचे हैं। चंद्रमा के ऊपर वाली संख्या बजे व नीचे वाली मिनट है। जैसे–चैत्र शुक्ला दशमी को चंद्रमा कर्क राशि में $\frac{०७}{१८}$ अर्थात् प्रातः ७ बजकर १८ मिनट पर कर्क राशि में प्रवेश करेगा। चंद्रमा के लिए इतना विशेष है कि उसका प्रवेश काल दिया है। विशेष विवरण स्पष्ट है। इसमें योग व अन्य के आगे संख्या बराबर में हैं।

तिथि, नक्षत्र आदि के साथ जहां शून्य (०) अंकित है, वह उस दिन 'पूरे दिन और पूरी रात' है अर्थात् वह तिथि या नक्षत्र उस दिन सूर्योदय से पूर्व शुरू हो गया और दूसरे दिन सूर्योदय होने के बाद तक रहा। वह समय अगले दिन की पंक्ति में है। जैसे–बैशाख कृष्णा तृतीया को विशाखा नक्षत्र के आगे (०) अंकित है जिससे यह नक्षत्र पूरे दिन-रात है। बैशाख कृष्णा दशमी (प्रथम) के आगे (०) अंकित है अर्थात् यह तिथि पूरे दिन-रात है।

सूर्यास्त से लेकर सूर्योदय होने के ठीक पहले तक का समय "रात्रि समय" और उसके बाद "दिवा समय" होता है।

विशेष विवरण के कोष्ठक में प्रदत्त योगों के सांकेतिक अक्षरों में पूर्ण नाम इस प्रकार हैं :–

- र.–रवि योग (शुभ व कुयोगनाशक)
- अ.–अमृत सिद्धि योग (शुभ)
- राज.–राजयोग (शुभ)
- कु.–कुमार योग (शुभ)

- सि.–सिद्धि योग (शुभ)
- मृ.–मृत्यु योग (अशुभ)
- व्या.–व्याघात योग (अशुभ)
- वै.–वैधृति (अशुभ)
- व्य.–व्यतिपात योग (अशुभ)
- ज्वा.–ज्वालामुखी योग(अशुभ)
- पं.–पंचक (अशुभ) घास, लकड़ी एकत्र करने, घर की छत बनाने, दक्षिण यात्रा करने में वर्जित।
- भ.–भद्राकाल (शुभ-अशुभ दोनों)
- यम.–यमघंट योग (अशुभ)

नोट : शास्त्रीय मान्यता है कि मध्याह्न के पश्चात् अशुभ योगों का दोष नहीं रहता।

भद्रा-काल

श्रेष्ठ कार्यों में भद्रा-काल होना वर्जित है, किन्तु शास्त्रकारों ने भद्रा को शुभ भी माना है, जो इस प्रकार है–मेष, वृष, मिथुन और वृश्चिक के चंद्रमा में भद्रा का वास स्वर्ग में रहता है। यह भद्राकाल शुभ और ग्राह्य है।

कन्या, तुला, धनु और मकर के चन्द्रमा में भद्रा का वास नागलोक (पाताल) में रहता है। यह भद्राकाल भी लक्ष्मीदायक-धनदायक होने से शुभ है।

कुंभ, मीन, कर्क और सिंह के चंद्रमा में भद्रा का वास मृत्युलोक में होता है। यह अशुभ है, इसलिए शुभ कार्यों में सर्वथा वर्जनीय है।

भद्राकाल समय-विशेष के साथ शुभ भी बताया है।

शुक्ल पक्ष की भद्रा वृश्चिक संज्ञक और कृष्ण पक्ष की भद्रा सर्वसंज्ञक है। मतान्तर से रात्रि की भद्रा वृश्चिक संज्ञक और दिन की भद्रा सर्वसंज्ञक है। सर्वसंज्ञक भद्रा के मुख की पांच घटी (२ घंटा) और वृश्चिक संज्ञक भद्रा की पुच्छ की तीन घटी (१ घंटा १२ मि.) शुभ कार्य में त्याज्य है।

तिथि-पत्रक के विवरण पृष्ठों के बाद कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बैंगलोर व जोधपुर–इन छह शहरों के महीने की पहली व पन्द्रहवीं तारीख के सूर्योदय व सूर्यास्त का समय दिया गया है।

समय-सारिणी के बाद नक्षत्र के नाम का अक्षर और राशि की तालिका है। फिर राशि स्वामी एवं गुरु दर्शन के नक्षत्र हैं। फिर घातचक्र है। इसके बाद यात्रा में चंद्र विचार, योगिनी विचार चक्र, दिशाशूल विचार चक्र तथा काल-राहू विचार चक्र है। इनसे अगले पृष्ठ पर सुयोग-कुयोग चक्र है। अंतिम पृष्ठ पर पोरसी प्रमाण, राहुकाल, दिन एवं रात्रि के चौघड़िये हैं।

चौघड़िया-अवलोकन

दिन का चौघड़िया सूर्योदय से प्रारंभ होता है तथा रात्रि का चौघड़िया सूर्यास्त से प्रारंभ होता है। एक दिन में आठ चौघड़िये व रात्रि में आठ चौघड़िये होते हैं।

चौघड़िया का काल दिन-रात छोटे-बड़े होने के अनुसार न्यूनाधिक होता रहता है। प्रत्येक दिन के सूर्योदय से सूर्यास्त तक की समयावधि को आठ से विभाजित करने पर जो एक भाग प्राप्त होगा वह उस दिन में एक चौघड़िया का मान होगा, अर्थात् दिन की समयावधि का आठवां हिस्सा एक चौघड़िया होता है। इसी प्रकार सूर्यास्त से अगले सूर्योदय तक की समयावधि को आठ से विभाजित करने से प्राप्त होने वाला एक हिस्सा रात्रि के चौघड़िये का मान होता है। अर्थात् रात्रि की समयावधि का आठवां हिस्सा रात्रि का एक चौघड़िया होता है।

चौघड़िये में उद्वेग, काल और रोग–ये तीन अशुभ हैं। शेष तीन लाभ,

अमृत और शुभ–ये चौघड़िये श्रेष्ठ होते हैं। शुक्र के अर्थात् चल (चंचल) वेला के चौघड़िये को भी अच्छा मानते हैं। श्रेष्ठ चौघड़िये में सभी कार्य करने प्रशस्त हैं। अमृत का चौघड़िया सभी शुभ कार्यों में अत्युत्तम है।

इस तिथि-पत्रक में लाडनूं को केन्द्र मानकर सूर्योदय एवं सूर्यास्त दिया गया है। उससे पूर्व दिशा वाले स्थानों में प्रति तीस किलोमीटर पर एक-एक मिनट पहले सूर्योदय व सूर्यास्त होगा। उससे पश्चिम दिशा वाले स्थानों में प्रति तीस किलोमीटर पर एक-एक मिनट बाद में सूर्योदय व सूर्यास्त होगा। लाडनूं अक्षांश २७°-४०', उत्तर पर है। रेखांश ७४°-२४' पूर्व है। अयनांश २३° १७'-१८' रेखांतर ३२ मिनट २० सैकिण्ड है। बेलान्तर+२ मिनट ३२ सैकिण्ड है। पलभा ६-१० है।

धार्मिक उपासना में पर्व तिथियों का अपना महत्त्व होता है। पक्खी आदि का प्रतिक्रमण तिथि के आधार पर करना पड़ता है। पहले इसे 'पक्खी' के नाम से संत तैयार करते थे। उसे हर सिंघाड़े (ग्रुप) को एक-एक दे दिया जाता था, बाद में 'लघु-पंचांग' के नाम से श्री हनूतमलजी सुराणा (चूरू) छपाने लग गये। परमाराध्य गुरुदेव व आचार्यवर की दृष्टि से पिछले कई वर्षों से इसका संपादन संतों द्वारा होने लगा। 'लघु पंचांग' के बाद 'जय पंचांग' के रूप में सामने आया। सन् १९८४ से इसका संपादन मेरे द्वारा होने लगा। वर्तमान में यह **'जय-तिथि-पत्रक'** के नाम से प्रकाशित हो रहा है।

५ नवम्बर २०१७ **मुनि सुमेरमल (लाडनूं)**
अणुविभा भवन-जयपुर

विशेष अवगति

वर्ष के दिन–इस वर्ष मास-१३, पक्ष-२६, तिथि क्षय-१९, तिथि वृद्धि-१३, कुल-दिन ३८४

गाज बीज की अस्वाध्याय नहीं–ज्येष्ठ (द्वितीय) शुक्ला १०, शुक्रवार, दिनांक २२ जून २०१८ से आश्विन शुक्ला १५, बुधवार, दिनांक २४ अक्टूबर २०१८ तक।

चंद्र ग्रहण–आषाढ़ शुक्ला १५, शुक्रवार, दिनांक २७/२८ जुलाई २०१८

सूर्य ग्रहण–भारत में दिखाई नहीं देगा।

मलमास–(i) वर्ष प्रारंभ से वैशाख कृष्णा १३, शनिवार, दिनांक १४ अप्रैल २०१८ तक रहेगा। यह पिछले वर्ष चैत्र कृष्णा १२, बुधवार, दिनांक १४ मार्च २०१८ से प्रारंभ हो चुका था।

(ii) मार्गशीर्ष शुक्ला ९ (प्रथम), शनिवार, दिनांक १६ दिसम्बर २०१८ से प्रारंभ, पौष शुक्ला ८, सोमवार, दिनांक १४ जनवरी २०१९ तक।

(iii) फाल्गुन शुक्ला ८, गुरुवार, दिनांक १४ मार्च २०१९ से प्रारंभ, अगले वर्ष में चलेगा।

तारा–(१) गुरु अस्त–कार्तिक शुक्ला ७ (द्वितीय), गुरुवार, दिनांक १५ नवम्बर २०१८ को प्रारंभ, मार्गशीर्ष कृष्णा १४, गुरुवार, दिनांक ६ दिसम्बर २०१८ को संपन्न।

(२) शुक्र अस्त–आश्विन शुक्ला ९, गुरुवार, दिनांक १८ अक्टूबर २०१८ को प्रारम्भ, कार्तिक कृष्णा ५, सोमवार, दिनांक २९ अक्टूबर २०१८ को सम्पन्न।

नोट–ग्रहण, मलमास तथा गुरु, शुक्र के अस्तकाल में विशिष्ट शुभ कार्य वर्जनीय हैं।

विशेष ज्ञातव्य

(क) विशेष मुहूर्त्त

(१) अभिजित मुहूर्त, (२) रवियोग, (३) अमृत का चौघड़िया

(४) दीपावली का प्रदोषकाल (सूर्यास्त से दो घड़ी-४८ मिनट तक)

(५) पुष्य नक्षत्र के साथ रविवार या गुरुवार सदा श्रेष्ठ माना जाता है। गुरु-पुष्य विवाह में वर्जित है।

(ख) यात्रा के लिए आवश्यक

(१) यात्रा-कर्ता की जन्म-राशि से यात्रा दिन का चंद्रमा चौथे, आठवें में स्थित न हो। पंचांग में घातचक्र में दिये गये चंद्रमा को भी टालें। (जन्म-राशि ज्ञात न होने से प्रचलित नाम राशि)।

(२) यात्रा के समय सम्मुख चंद्रमा हो तो सब दोष नष्ट माने जाते हैं। पूर्व दिशा में जाने के लिए मेष, सिंह, धन का चंद्रमा, पश्चिम में मिथुन, तुला और कुंभ का, दक्षिण में वृष, कन्या, मकर का और उत्तर में कर्क, वृश्चिक और मीन का चंद्रमा सम्मुख रहता है। दाहिना चंद्रमा भी शुभ है।

(३) यात्रा-योग न मिलने पर अमृत का चौघड़िया अथवा अभिजित मुहूर्त्त सदैव ग्राह्य है। बुधवार को अभिजित शुभ नहीं।

(४) राहू काल-कुवेला का समय वर्जनीय है।

(५) मृत्यु योग आदि अशुभ योग वर्जनीय है।

(ग) यात्रा के लिए अन्य ज्ञातव्य

(१) सोमवार और शनिवार को पूर्व में, रविवार और शुक्रवार को पश्चिम में, मंगलवार और बुधवार को उत्तर में तथा गुरुवार को दक्षिण में यात्रा न करें, क्योंकि दिशाशूल रहता है।

(२) उषाकाल में पूर्व में, गोधूलिकाल में पश्चिम में, मध्याह्न में दक्षिण में तथा मध्य रात्रि में उत्तर में यात्रा न करें, क्योंकि समयशूल रहता है।

(३) ज्येष्ठा नक्षत्र में पूर्व को, पूर्वाभाद्रपद में दक्षिण को, रोहिणी में पश्चिम को तथा उत्तराफाल्गुनी में उत्तर को यात्रा न करें, क्योंकि नक्षत्र-शूल रहता है।

(४) धनिष्ठा का उत्तरार्ध, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती को पंचक कहते हैं। इन दिनों में दक्षिण की ओर यात्रा वर्जनीय है।

(५) तिथियां ४,६,८,९,१२,१४,३० और शुक्ल पक्ष की एकम यात्रा के लिए शुभ नहीं है।

(६) भरणी, कृतिका, आर्द्रा, आश्लेषा, मघा, चित्रा, स्वाति और विशाखा नक्षत्र यात्रा के लिए शुभ नहीं है।

(७) अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, रेवती यात्रा में विशेष शुभ नक्षत्र माने जाते हैं।

(८) उत्तर में २,१०; दक्षिण में ५,१३; पूर्व में १,९; पश्चिम में ६,१४ तिथियों में योगिनी रहती है। योगिनी के सामने या दाहिने होने पर यात्रा वर्जनीय है।

(९) पूर्व में शनिवार को, पश्चिम में मंगलवार को, उत्तर में रविवार को

तथा दक्षिण में गुरुवार को यात्रा का निषेध है क्योंकि काल-राहु सम्मुख रहता है।

(१०) शनिवार और बुधवार को ईशान कोण (पूर्वोत्तर) में, मंगलवार को वायव्य (पश्चिमोत्तर) में, रविवार, शुक्रवार को नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम) में तथा सोमवार, गुरुवार को आग्नेय (पूर्व-दक्षिण) में विदिशाशूल है अतः यात्रा में वर्जनीय है।

दिशा-शूल परिहार–रवि को तांबूल, सोम को चंदन, मंगल को मट्ठा, बुध को पुष्प, गुरु को दही, शुक्र को घृत व शनि को तिल खाकर या देकर यात्रा करने में दिक्शूल-दोष मिटता है।

शकुन–यात्रा के समय लोहा, तेल, घास, मट्ठा, पत्थर, लकड़ी, बिलाव मिले तो अशुभ व दही, चावल, चांदी का घड़ा, पुष्प, हंस तथा मुर्दा शुभ है।

सुयोग के सामने सभी कुयोगों का नाश

इक्कस्स भए पंचाणणस्स, भज्जंति गय सय सहस्सा।

तह रवि जोग पणट्ठा, गयणम्मि गहा न दीसंति ।। यति वल्लभ ।।

एक शेर के सामने लाख हाथी भी भाग जाते हैं। एक सूर्य के आने पर आकाश में एक भी ग्रह नहीं दीखता। इसी तरह रवि योग होने पर अन्य अप्योग स्वतः अप्रभावी बन जाते हैं।

रवियोगे राजयोगे, कुमारयोगे असुद्ध दिहए वि।

जं सुह कज्जं कीरइ, तं सव्वं बहुफलं होइ ।। यतिवल्लभ ।।

अशुभ दिन में भी रवियोग, राजयोग व कुमारयोग होने पर जो भी शुभ कार्य किया जाये तो वह बहुत फलदायी होता है।

सिद्धियोगः कुयोगश्च, जायेतां युगपद्यदि।

कुयोगं तत्र निर्जित्य, सिद्धि योगो विजृम्भते ।। आरंभ सिद्धि ।।

सिद्धियोग व कुयोग यदि एक साथ हो तो कुयोग का फल नष्ट हो जाता है।

(घ) यात्रा-निवृत्ति पर प्रवेश मुहूर्त्त

शुभ नक्षत्र–अनु., चि., मृ., तीनों उत्तरा, रो., पुष्य, ह., ध.।

शुभ वार–सोम, बुध, गुरु, शुक्र, शनि।

आजकल नक्षत्र चंद्रमा के अनुकूल होने पर रवि को भी प्रवेश करते हैं।

शुभ-तिथि–२,३,५,७,१०,११,१३,१५।

नोट : एक ही दिन में यात्रा और प्रवेश हो तो मात्र प्रवेश देखा जाए।

(च) दीक्षा-ग्रहण-मुहूर्त्त

शुभ मास–वैशाख, श्रावण, आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, माघ, फाल्गुन।

शुभ नक्षत्र–तीनों उत्तरा,अश्वि,रो.,रे.,अनु.,पुष्य.,स्वा.,पुन,श्र.ध., श.,मू.।

शुभ वार–रवि, सोम, बुध, गुरु, शुक्र।

शुभ तिथि–२,३,५,७,१०,११,१३ शुक्ल पक्ष में;२,३,५ कृष्ण पक्ष में।

तीर्थंकरों के दीक्षा-कल्याणक दिन, नक्षत्र भी लिए जा सकते हैं।

नोट : गुरु अस्त न हो, अधिक मास व तिथि न हो।

(छ) विद्यारंभ आदि

शुभ तिथि–२,३,५,६,१०,११,१२ कृष्ण पक्ष २,३,५।

शुभ वार–बुध, गुरु, शुक्र।

शुभ नक्षत्र–मृ, आर्द्रा, पुन, पुष्य, आश्ले, मृ, ह, चि, स्वा, अश्वि, श्र, ध, श, तीनों पूर्वा।

नोट : सोमवार, मंगलवार, शनिवार को आरंभ किया हुआ कोई भी साहित्य सृजन, शोध-कार्य आदि सफलता का सूचक नहीं होता। जैन विद्या का सत्रारंभ रवि और शुक्र को श्रेष्ठ रहता है।

साहित्य-सृजन में आर्द्रा, पुनः, पुष्य, रे, ह, चि, स्वा, अश्वि, श्र, अनु, नक्षत्र उत्तम माने गये हैं, बुध, गुरु, शुक्रवार श्रेष्ठ हैं।

(ज) जन्म के पाये

आर्द्रा नक्षत्र से १० नक्षत्र तक चांदी का, विशाखा नक्षत्र से ४ नक्षत्र तक लोहे का, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र से ६ नक्षत्र तक तांबे का तथा उत्तराभाद्रपद नक्षत्र से ७ नक्षत्र तक सोने का पाया होता है।

प्रकारान्तर से जन्म-नक्षत्र के कालमान को समान चार भागों में बांट लिया जाता है। प्रथम भाग में जन्म होने से सोने का पाया, द्वितीय भाग में होने से चांदी का पाया, तृतीय भाग में होने से तांबे का पाया और चौथे भाग में होने से लोहे का पाया मानते हैं।

